तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, शुक्रवार 15 अगस्त 2025
बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

10 चार राज्यों ने रखा था रेड्डी पर 90 लाख का ईनाम, वारदात को...

08 आधी सदी पूर्व आजादी की बेला में हजारों फौलादियों ...


## खबर संक्षेप

### पर्यावरण संरक्षण के लिए सेनानियों का सरपंच करेंगे सम्मान

**बेमेतरा।** स्वतंत्रता दिवस पर ग्राम पंचायत रांका, पथर्रा और बसनी के संयुक्त तत्वावधान में पर्यावरण संरक्षण सेनानियों का सम्मान किया जाएगा। ग्राम रांका में आयोजित इस समारोह में एथेनाल प्लांट के विस्थापन और प्रदूषण के खिलाफ संघर्ष करते हुए जेल गए आंदोलनकारियों को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में तीनों ग्राम पंचायतों के सरपंच घनाराम निषाद, गायत्री जोगी और प्रीति यदु सहित पंचायत प्रतिनिधि मौजूद रहेंगे। संगोष्ठी में प्रशासन द्वारा आंदोलनकारियों पर की गई कथित अवैध कार्यवाही और उद्योगपतियों द्वारा प्रदूषण व जल दोहन जैसे मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। गत जनवरी माह में एथेनाल प्लांट विरोध के दौरान 9 से 13 जनवरी तक कई आंदोलनकारियों को जेल में रखा गया था, जिसे बेमेतरा जिला सत्र न्यायालय ने अवैध ठहराया। वहीं पथर्रा में दर्जनों महिलाओं और छात्रों पर झूठी एफआईआर दर्ज की गई थी। स्वतंत्रता दिवस पर इन तथ्यों को भी जनता के बीच रखा जाएगा। सम्मानित होने वालों में अजिताभ मिश्रा, सिद्दीक खान, चंदन साहू, खेमाराम साहू, संतोष साहू, हरि निषाद, मोहन साहू, सौरभ पांडे, भारत साहू, लक्ष्मण कोशले और भीखम यदु शामिल हैं। संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में नदी बचाओ आंदोलन के बांगोपाध्याय, पूर्व मंत्री वीरेंद्र पांडे और पर्यावरणविद आलोक शुक्ला उपस्थित रहेंगे। झंडावंदन और मुख्य कार्यक्रम के बाद सम्मान समारोह का आयोजन होगा।

### जिले के 18 पटवारियों का बदला गया अनुभाग

**दुर्ग।** राजस्व महकमें में मिल रही शिकायत के बाद जिले के 18 पटवारियों का अनुभाग बदला गया है। उन्हें आगामी आदेश तक अस्थाई रूप से दूसरे अनुभाग में भेजा गया है। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने प्रशासनिक कसावट को लेकर यह ट्रांसफर आदेश जारी किया है। इसमें चंद्रशेखर सोनी को अहिवारा से पाटन, कमलेश वर्मा को दुर्ग से पाटन, दीप्ति देशमुख को पाटन से दुर्ग, सीमा मेश्राम को दुर्ग से पाटन, रत्नेश भदौरिया को दुर्ग से पाटन, पुरुषोत्तम दास के धमधा से पाटन, सुभाष बंजारे को धमधा से पाटन, स्वप्निल राजपूत को अहिवारा से दुर्ग, ताराचंद मेश्राम को धमधा से दुर्ग, जसवंत साहू को धमधा से पाटन, शत्रुहन मिश्रा से पाटन से दुर्ग, केदारनाथ साहू पाटन से धमधा, केदारनाथ साहू पाटन से धमधा, ईश्वर ठाकुर पाटन से धमधा, राजकुमार पाटिल पाटन से धमधा, निवेदिता राजपूत दुर्ग से पाटन, रूपाली भट्टाचार्य धमधा से अहिवारा, चंद्रमोहन साव पाटन से दुर्ग, राजेश मरकाम दुर्ग से पाटन भेजे गए हैं। जानकारी के मुताबिक पिछले कुछ समय से राजस्व विभाग में लंबित प्रकरणों को लेकर शिकायतें सामने आई थी। इसके बाद कलेक्टर ने यह ट्रांसफर आदेश जारी किया। सभी को तत्काल ज्वाइनिंग के निर्देश दिए गए है।

### अधिवक्ता बताकर बंदोबस्त त्रुटि के नाम पर 5.38 लाख रुपए ठगे

**भिलाई।** महिला स्वयं को अधिवक्ता बताकर बंदोबस्त त्रुटी सुधार का झांसा देकर महिला से ठगी करने का मामला सामने आया है। शिकायत के बाद पुलिस ने महिला को गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि विद्या विहार नेहरु नगर निवासी तृप्ती यादव ने के इसके पिता के नाम पर कातुलबोर्ड में आवासीय भूमि है। जमीन का बंदोबस्त त्रुटि सुधार कराया जाना था। आरोपिया ग्राम डोमा, भखारा धमतरी वर्तमान में गोल्फ ग्रीन सेजबहार, ब्लाक 24 प्लाट 5 देवेन्द्र नगर रायपुर निवासी प्रभा साहू ने पीड़िता को अधिवक्ता बताकर काम आसानी से कराने का झांसा दिया। दिसके एवज में पीड़िता से 2 लाख रुपए नगद, ऑनलाईन 3. 38 लाख रुपए लेकर ठगी किया।

### पर्व : सुबह से ही पारंपरिक वेशभूषा में अपने मोहल्लों व मंदिरों में जुटीं रही

# माताओं ने संतान की लंबी उम्र के लिए मांगा आशीर्वाद, मोहल्लों में गूंजे पारंपरिक गीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

गुरुवार को खमरछठ पर्व पर नगर का माहौल पूरी तरह धार्मिक रंग में रंगा रहा। सुबह से ही महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में सजी-धजी अपने मोहल्लों व मंदिरों में जुटीं। किसी ने सिर पर पूजा की डलिया सजाई तो कोई सगरी (कुंड) सजाने में व्यस्त नजर आई। जगह-जगह महिलाएं समूह बनाकर गीत गाती हुईं और कथा सुनती हुई दिखीं। माताओं ने मिट्टी की नाव बनाकर सगरी में प्रवाहित की और बच्चों की पीठ पर पीली पोती लगाकर उनके स्वस्थ व दीर्घायु जीवन की कामना की। शाम होते ही जैसे ही सूर्य अस्त हुआ, वैसे ही व्रती महिलाओं ने पसहर चावल, छह प्रकार की भाजी और दही का सेवन कर व्रत का समापन किया। सुकुल पारा, मिश्रा पारा, बिच पारा, ब्राह्मण पारा, बावा पारा, शंकर नगर, दर्री पारा, देवांगन पारा और बावली पारा में महिलाओं ने सामूहिक पूजा कर पूरे दिन का व्रत सम्पन्न किया। मोहल्लों में महिलाओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। बुजुर्ग महिलाओं ने नई पीढ़ी को व्रत की परंपराओं और नियमों की जानकारी भी दी। परंपरा के अनुसार खमरछठ के दिन महिलाएं हल से जुड़े अनाज का सेवन नहीं करतीं। खेत की मेड़ पर उगे पसहर चावल को प्रसाद के रूप में ग्रहण किया गया। इस अवसर पर भैंस का दूध, दही और घी का प्रयोग किया गया। मान्यता है कि इस दिन हल चले खेत पर पैर रखना भी अशुभ माना जाता है।



#### बलराम और कार्तिकेय का जन्मोत्सव

आचार्य श्रीकांत शर्मा ने बताया कि इस दिन बलराम का जन्म हुआ था। दो दिन बाद भाई श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव जन्माष्टमी के रूप में मनाया जाता है। बलराम को शस्त्र के रूप में हल मिला था, इसी कारण इसे हलषष्ठी भी कहा जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार भगवान कार्तिकेय का जन्म भी इसी दिन हुआ था।



#### महिलाओं ने मांगी संतान की लंबी आयु व सुख-समृद्धि

**बेमेतरा।** संतान की सुख-समृद्धि और लंबी आयु की कामना का पर्व हलषष्ठी (कमरछठ) गुरुवार को मटिया-बारगांव में श्रद्धा और उत्साह से मनाया गया। माताओं ने निर्जला व्रत रखकर परंपरागत सगरी बनाकर भगवान शिव-पार्वती और गणेश की पूजा-अर्चना की। सगरी (तालाब कुंड) को सजाकर उसमें जल भरा गया और उसके चारों ओर मुरबेरी, ताग व पलाटा की शाखा बांधी गई। पूजा के दौरान पसहर चावल, महुआ, चना, भैंस का दूध, दही, घी, जौ, गेहूं, धान और मक्का अर्पित किए गए। माताओं ने बच्चों की पीठ पर छुई का पोता लगाकर उनकी दीर्घायु की प्रार्थना की। इस अवसर पर पंडित शेषनारायण पांडेय ने विधिविधान से पूजा करवाई। महिलाओं ने सगरी की परिक्रमा कर गीत गाए और पसहर चावल व छह प्रकार की भाजी का भोग लगाकर व्रत तोड़ा। व्रती महिलाओं में उर्मिला वर्मा, ईश्वरी वर्मा, ममता यादव, रमा तिवारी, सुधा तिवारी, रेशमा वर्मा, संतोषी वर्मा, प्रतिभा वर्मा, एकता तिवारी, वर्षा यादव, बेना वर्मा, राजो ध्रुव, पूर्णिमा ध्रुव, बिंदु सेन सहित अनेक महिलाएं शामिल हुईं।

## गंजपारा में धूमधाम से मनाया गया हलषष्ठी पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

भाद्रपद मास की कृष्ण पक्ष की षष्ठी तिथि के अवसर पर बुधवार को गंजपारा स्थित द्विवेदी निवास में हलषष्ठी व्रत धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर व्रती महिलाओं ने अपनी संतान की लंबी उम्र और सुख-समृद्धि के लिए कठोर व्रत रखा। पंडित श्रीनिवास द्विवेदी ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना संपन्न कराई और व्रती महिलाओं को हलषष्ठी की पौराणिक कथा सुनाई। धार्मिक मान्यता के अनुसार, इस दिन महिलाएं हल से निकले अन्न का सेवन नहीं करतीं, बल्कि बिना हल के अनाज और फलों का भोग लगाकर व्रत पूरा करती हैं। सुबह से ही महिलाओं ने स्नान कर अपने घर-आंगन को लीपा-पोता और चौकी पर भगवान बलराम का प्रतीक स्थापित कर पूजा की। इसके बाद सभी ने मिलकर सामूहिक रूप से आरती की। इस पूजा में दुर्गा नंदिनी द्विवेदी, आरती द्विवेदी, शीतल प्रिया शर्मा, अंजू शर्मा सहित मोहल्ले की कई महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।



## अमचो गांव में धूमधाम से मनाया गया कमरछठ पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

भाद्रपद मास के कृष्ण पक्ष की षष्ठी तिथि को मनाया जाने वाला पारंपरिक कमरछठ (हलषष्ठी) पर्व गुरुवार को अमचो गांव में श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया गया। माताओं ने अपनी संतान की लंबी आयु और उत्तम स्वास्थ्य की कामना के लिए दिनभर निर्जला व्रत रखा और भगवान शिव-पार्वती की पूजा-अर्चना की।

ग्रामाचार्य पंडित विलास शर्मा ने मंत्रोच्चारण और विधि-विधान के साथ पूजा संपन्न कराई। उन्होंने बताया कि कमरछठ पर्व भगवान श्रीकृष्ण के बड़े भाई बलराम के जन्म से संबंधित है। चूंकि बलराम का जन्म इसी दिन हुआ था और उनके अस्त्र हल व मूसल थे, इसलिए इस पर्व को हलषष्ठी या हलछठ भी कहा जाता है। पूजा के दौरान, महिलाओं ने परंपरागत 'सगरी' तैयार की, जिसमें उन्होंने महुआ के पत्ते, धान की लाई, काशी के फूल और अन्य पूजन सामग्री अर्पित की। इस दौरान माताओं ने अपनी संतान की लंबी उम्र और मंगलमय जीवन की कामना की। इस अवसर पर, ममता चंद्राकर, अन्नू चंद्राकर, चंपा, रजनी, रश्मि, कौशिल्या, सोनबाई, जलेश्वरी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुईं।



## आनंदगांव के ओम यदु का स्टेट बॉक्सिंग में चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला

ग्राम पंचायत आनंदगांव के शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला के छात्र ओम यदु पिता तेजप्रताप यदु ने बॉक्सिंग में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जगह बनाई है। संभाग स्तरीय मुकाबले में बेमेतरा जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए ओम ने 10-8 से जीत हासिल कर चयन सुनिश्चित किया। ग्राम पंचायत आनंदगांव के सरपंच चंदन नायक ने इसे गाँव के लिए गर्व का क्षण बताया। उन्होंने कहा कि ओम की इस सफलता में पीटीआई साहू का विशेष योगदान रहा है। साथ ही छात्र के पिता व पूरे परिवार को बधाई देते हुए ओम के उज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं।



## 45 हजार के चोरी का माल जब्त, पांच आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

बेमेतरा पुलिस ने चोरी की लगातार वारदातों पर अंकुश लगाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से सोना-चांदी, घड़ी, इलेक्ट्रॉनिक सामान सहित करीब 45,000 मूल्य का माल बरामद किया है। यह मामला बीजाभाठ हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी का है, जहाँ 2 से 4 अगस्त के बीच कई चोरी की घटनाएँ हुई थीं। पीड़ितों, जिनमें भूपेंद्र कुमार कुर्रे भी शामिल थे, ने थाना सिटी कोतवाली में इसकी रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसके बाद, साइबर सेल और कोतवाली पुलिस की एक संयुक्त टीम बनाकर जाँच शुरू की गई। जाँच के दौरान, 12 अगस्त की रात गश्त कर रही पुलिस टीम ने बाला पंडित काले (निवासी महाराष्ट्र) को संदिग्ध हालत में हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान, उसने अपने चार साथियों - **चंपालाल सिसोदिया, सियाराम सिसोदिया, अजय माल्या उर्फ दादू और अमित माल्या उर्फ पतरू के साथ मिलकर पाँच जगहों पर चोरी करने की बात कबूल की। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से सोने का टॉप्स, चाँदी की चेन-पायल, घड़ी, चश्मा, इंडक्शन, पेन ड्राइव, स्मार्ट वॉच, आयरन समेत कुल 25,230 का सामान बरामद किया। साथ ही, चोरी की वारदातों में इस्तेमाल की गई 20,000 मूल्य की दो मोपेड भी जब्त की गईं। सभी पाँचों आरोपियों को 13 अगस्त को गिरफ्तार कर 14 अगस्त को न्यायालय में पेश किया गया, जहाँ से उन्हें न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी मयंक मिश्रा और उनकी टीम के सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



### विधायक ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

# जिले में स्वतंत्रता दौड़, सभी वर्गों ने निभाई सहभागिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर बेमेतरा जिला मुख्यालय देशभक्ति के रंग में सराबोर हो गया। गुरुवार की सुबह, शहर की सड़कों पर एक विशाल 'स्वतंत्रता दौड़' का आयोजन किया गया, जिसने पूरे शहर में देशप्रेम और एकता का संदेश दिया। दौड़ की शुरुआत जय स्तंभ चौक से हुई, जिसे विधायक दीपेश साहू ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान कलेक्टर रणबीर शर्मा और जिला पंचायत सीईओ प्रेमलता मंडावी भी दौड़ में शामिल होकर लोगों का उत्साह बढ़ाया। दौड़ सिग्नल चौक, बस्ती चौक, दुर्गा मंदिर, गौरव पथ और राम मंदिर से होते हुए भारत माता चौक पहुंची और फिर जय स्तंभ चौक पर समाप्त हुई। इस दौरान, बच्चों और युवाओं ने हाथों में तिरंगे लहराए और भारत माता की जय तथा वंदे मातरम् के नारे लगाए, जिससे पूरा वातावरण देशभक्ति से गूंज उठा। जगह-जगह नागरिकों ने प्रतिभागियों पर फूल बरसाकर उनका स्वागत किया।



**तिरंगा सेल्फी और नेताओं के संदेश-** शहर में बनाए गए तिरंगा सेल्फी प्वाइंट्स युवाओं और परिवारों के लिए आकर्षण का केंद्र रहे। लोगों ने यहाँ तिरंगे के साथ तस्वीरें खिंचवाईं। वहीं, कैनवास बोर्ड पर लोगों ने एकता और सद्भावना के संदेश लिखे। विधायक दीपेश साहू ने कहा की यह पर्व हमारे इतिहास का गौरव और भविष्य की जिम्मेदारी है। हमें अपने गांव और शहरों को स्वच्छ और सुरक्षित बनाने का संकल्प लेना चाहिए। पूर्व विधायक अवधेश चंदेल ने कहा की आज की दौड़ अधिकारों के साथ कर्तव्यों के पालन की याद दिलाती है। भाईचारा ही राष्ट्र को मजबूत करता है। जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारीने कहा की ग्रामीण और शहरी, दोनों का योगदान देश के विकास में अहम है। युवाओं और महिलाओं की भागीदारी देखकर बहुत खुशी हुई। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने कहा की स्वतंत्रता दिवस केवल उत्सव नहीं, बल्कि बलिदानों को याद करने का अवसर है। आज की दौड़ आने वाली पीढ़ियों को एकता और अनुशासन का संदेश देगी।

**शपथ के साथ समापन-** दौड़ के समापन पर विधायक दीपेश साहू ने सभी को शांति, सद्भावना, स्वच्छता और राष्ट्रीय एकता बनाए रखने की शपथ दिलाई। इस कार्यक्रम में विधायक दीपेश साहू, पूर्व विधायक अवधेश चंदेल, जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी, कलेक्टर रणबीर शर्मा, जिला पंचायत सीईओ प्रेमलता मंडावी सहित बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी, स्कूली छात्र-छात्राएं और नागरिक उपस्थित थे।

## बेरला के सण्डी स्कूल में हर घर तिरंगा अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/बेरला

स्वतंत्रता दिवस से पहले, बेरला विकासखंड के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सण्डी में 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत एक उत्सव मनाया गया। इस दौरान, विद्यार्थियों और शिक्षकों ने मिलकर एक तिरंगा यात्रा निकाली, जिसका उद्देश्य ग्रामीणों को अपने-अपने घरों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए प्रेरित करना था।

कार्यक्रम के तहत बच्चों को पेपर क्राफ्ट की मदद से तिरंगे से जुड़ी कलाकृतियां बनाना सिखाया गया। विद्यार्थियों ने तिरंगा बैच, फ्लैग और सैनिकों को सलामी देते हुए तिरंगे की आकृतियां बनाईं। स्कूल परिसर में बनाए गए तिरंगा सेल्फी जोन ने भी बच्चों को खूब आकर्षित किया। इस मौके पर सरपंच सेवाराम साहू, उपसरपंच तखत राम साहू, सचिव राजकुमार साहू, रोजगार सहायक जनकराम मिर्झा सहित कई ग्रामीण और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद थे। संस्था प्रमुख मनीषा देवांगन और प्रधान पाठक वीरेंद्र कुमार सिन्हा ने बताया कि इस अभियान का मुख्य लक्ष्य विद्यार्थियों और ग्रामीणों को राष्ट्रीय ध्वज के साथ एक भावनात्मक जुड़ाव महसूस कराना है।



■ बच्चों ने सीखी पेपर क्राफ्ट की कला

# दिन में बदली और उमस, रात को बरसे बादल, मिली थोड़ी राहत

## दस दिनों से नहीं हो रही थी, आज भारी बारिश का अनुमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

ट्विनसिटी में बुधवार बारिश का इंतजार होता रहा। मौसम विभाग ने बुधवार से भारी बारिश के लिए एलर्ट जारी किया था। बुधवार की अलसुबह कुछ क्षेत्रों में हल्की वर्षा हुई और उसके बाद आसमान पर बादल जरूर छाए रहे लेकिन बरसे नहीं। धूप भी बीच-बीच में निकली। जिसकी वजह से वातावरण में उमस पैदा हो गई। देर शाम फिर से आसमान पर काले -काले बादल मंडराने लगे। रात करीब 8 बजे बादल बरसे। जहां बारिश हुई वहां उसमभरी गर्मी से लोगों को राहत जरूर मिली।

### मौसम विभाग, आज भारी बारिश की संभावना

लालपुर मौसम विज्ञान केंद्र रायपुर ने गुरुवार को भारी बारिश की संभावना जताई है। मौसम विभाग के मुताबिक अगले दो दिनों में बस्तर संभाग और उससे लगे रायपुर और दुर्ग संभाग के जिलों में व्यापक और अच्छी बारिश होने की संभावना है। बिलासपुर संभाग के जिलों में समान्यतः बादल छाए रहेंगे तथा हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है।



### 12 मिलीमीटर औसत बारिश है कम

जिले में औसत बारिश 12 मिलीमीटर कम है। पिछले साल वर्ष 2024 में 13 अगस्त तक 633.5 मिलीमीटर बारिश हुई थी। इस बार 556.8 मिलीमीटर बारिश हुई है। किसानों के खेत सूख गए हैं इसलिए उन्हे हर रोज अच्छी बारिश का इंतजार करना पड़ रहा है।

### इस तरह सिस्टम कर रहा काम

मौसम विभाग के मुताबिक एक निम्न दबाव का क्षेत्र पश्चिम मध्य और उत्तरी आंध्र प्रदेश तथा दक्षिणी ओडिशा के तटों से तो उत्तर पश्चिमी बंगाल की खाड़ी पर बना हुआ है। मानसून द्रोणिका औसत समुद्र तल पर भंडिटा, वाराणसी, झारसुगुड़ा से होकर पश्चिम मध्य और उससे सटे उत्तर पश्चिम बंगाल की खाड़ी के उत्तरी आंध्र प्रदेश और दक्षिण ओडिशा तटों पर स्थित निम्न दबाव का क्षेत्र के केंद्र तक जा रही है।

## खबर संक्षेप

### मेनगेट परेड ग्राउंड में निदेशक प्रभारी करेंगे ध्वजारोहण

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मेनगेट परेड ग्राउंड में मुख्य ध्वजारोहण समारोह का आयोजन किया जाएगा। मुख्य अतिथि संयंत्र के निदेशक प्रभारी चित्त रंजन महापात्र सुबह 9 बजे ध्वजारोहण करेंगे। मुख्य अतिथि संबोधन बाद परेड का निरीक्षण करेंगे व मार्च-पास्ट सीआईएसएफ, अग्निशमन व एनसीसी व स्काउट एंड गाइड द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर प्रमुख स्थानों पर ध्वजारोहण सुबह 8:15 बजे किया जाएगा। संयंत्र भवन, इस्पात भवन, एक्सपांशन भवन, रिफैक्ट्री स्टोर्स, एचआरडी सेंटर व नगर सेवाएं विभाग में कार्यपालक निदेशकों और सीईजेड कॉम्प्लेक्स में कार्यकारी कार्यपालक निदेशक द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा। अन्य विभागों में विभाग प्रमुख, इस्पात क्लबों में क्लब के अध्यक्ष तथा विद्यालयों में विद्यालय प्रमुखों के द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा। भिलाई महिला समाज द्वारा जेएलएन अस्पताल में ध्वजारोहण व मरीजों को फल वितरण किया जाएगा। क्रीडा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग द्वारा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सिविक सेंटर स्थित, महात्मा गाँधी कलामंदिर में सांस्कृतिक कार्यक्रम (ऑर्केस्ट्रा) का आयोजन शाम 7:30 बजे से किया जाएगा अंतरविभागीय संगीत प्रतियोगिता के विजेता कलाकार प्रस्तुति देंगे।

### युक्तियुक्तकरण से बच्चों को मिले शिक्षक

**दुर्ग ।** युक्तियुक्तकरण नीति से जहां एक ओर स्कूलों में शिक्षा व्यवस्था में सुधार आया, वहीं दूसरी ओर बच्चों का भविष्य उज्जवल हो रहा है। इसका लाभ ग्रामीण अंचलों के प्राथमिक व मिडिल स्कूलों में देखने को मिल रहा है। शिक्षकों की कमी के चलते एक स्थिति ऐसी आ गई थी कि लोग सरकारी स्कूल को छोड़कर प्राईवेट स्कूल की ओर रूख बदल रहे थे। दुर्ग जिले का हनोदा गांव के प्राथमिक स्कूल में भी इसका सकारात्मक प्रभाव देखने को मिल रहा है। जहां पहली से पांचवी तक के बच्चे अध्ययनरत है। पहले बच्चे समय पर स्कूल तो जाते थे, लेकिन शिक्षकों के कमी के कारण सभी कक्षाओं में पढ़ाई नही हो पाती थी। वर्तमान में हनोदा स्कूल के बच्चों को तीन नये शिक्षक मिलने से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं।

## मिसाल : 'सेवा' कर रही अनफिट व दिवंगत संयंत्र कर्मियों के परिजनों की मदद

# आधी सदी पूर्व आजादी की बेला में हजारों फौलादियों की मदद का जगा था जज्बा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नहीं ढलता बल्कि यहां के फौलादी कर्मवीरों के दिलों में साथी हाथ बढ़ाना की तर्ज पर एक दूसरे की मदद का जज्बा भी बखूबी दिखाई देता है। सामूहिकता, एकता और भाईचारे के ऐसे ही भाव ने आज से पचास साल पूर्व स्वतंत्रता दिवस की वेला में एक ऐसी प्रसिद्ध सामाजिक संस्था को जन्म दिया, जो अब तक न सिर्फ हजारों बीएसपी कर्मियों और उनके परिवार की आर्थिक इमदाद कर चुकी है। देश के सार्वजनिक उपक्रमों में सबसे बड़ा संगठन सेवा ( स्टील इम्पलाईज वेलफेयर एसोसिएशन ) श्रमवीरों की सेवा करने वाला एक अनुकरणीय मिसाल है।

हर कर्मी की जिंदगी से जुड़ा हुआ है सेल इस आदर्श सूत्र को बीएसपी कर्मचारियों की सामाजिक संस्था सेवा वर्षों से चरितार्थ कर रही है। कुछ सदाशयी कर्मियों व अधिकारियों के सुझाव पर पंद्रह अगस्त 1973 को स्टील वर्कर्स यूनियन इंटक द्वारा स्थापित स्टील इम्पलाइज वेलफेयर एसोसिएशन (सेवा) अपनी विभिन्न वेलफेयर योजनाओं से हजारों सदस्यों की मदद कर चुका है। बिना किसी सरकारी या बाहरी मदद के सिर्फ आपसी सदस्यता शुल्क से 52 वर्ष से लगातार अपने सदस्यों के लिए सेवा गतिविधियां संचालित कर रही है।

मात्र दो रुपए सदस्यता शुल्क से शुरु आज 2 सौ रुपए शुल्क होने तक यह सेवाभावी संगठन करीबन 25 हजार बीएसपी कर्मी सदस्यों व उनके आश्रित परिवार की आर्थिक मदद का रिकार्ड कायम कर चुका है। इतना ही नहीं कर्मियों के रिटायर होने पर जमा सदस्यता शुल्क भी वापस कर दिया जाता है। सेवा द्वारा 2022 में कोविड से मृत 267 बीएसपी कर्मियों के आश्रित परिवार को 4, 4 लाख रुपए की बड़ी आर्थिक मदद की गई। कुल 10 करोड़ 68 लाख रुपए की सहायता दी गई। इसके अलावा जिंदगी के साथ भी जिंदगी के बाद भी की शैली में पिछले 5 साल से संचालित ग्रुप एक्सीडेंटल पर्सनल इंश्योरेंस स्कीम (जीपीआईएस) के तहत अब तक प्रति कर्मी 30 लाख से 50 लाख रुपए की मदद आश्रित परिवार को दी जा चुकी है। हर साल 10 परिवार को दुर्घटना बीमा का लाभ मिल रहा है।

स्टील इम्पलाइज वेलफेयर एसो. ने कोविड पीड़ितों के परिवार की सहायता



### शारीरिक अक्षमता से अयोग्यों की भी आर्थिक रुप से मदद की

सेवा संस्था द्वारा शारीरिक अक्षमता के आधार पर नौकरी के लिए अयोग्य घोषित बीएसपी कर्मी को भी 40 हजार व मेडिकल अनिफिट होने पर 6250 रुपए राशि की सहायता प्रदान की जाती है। इतना ही नहीं नेचुरल मृत्यु पर भी अलग से डेढ़ लाख रुपए कंट्रीब्यूशन के अलावा आश्रित परिवार को दिए जाते हैं। संस्था से जुड़े सदस्यों के मुताबिक सेवा जरुरतमंद व कर्मियों का एक बड़ा सहारा है, जिससे आर्थिक मदद ही नहीं भावनात्मक संबल भी मिलता है। अस्सी के दशक में 70 हजार बीएसपी कर्मचारी सदस्यता वाले इस सेवा संगठन के 13 हजार कर्मचारी अधिकारी सदस्य हैं। तेइस साल पूर्व सेवा का गठन प्रसिद्ध श्रमिक व इंटक महासचिव स्व. रवि आर्य के कार्यकाल में कर्मियों द्वारा किया गया था।

### खुद सदस्य करते हैं संचालन

सेवा संस्था का संचालन मेंखुद सदस्यों की भागीदारी होती है। इसके लिए वे 15 सदस्यीय कार्यकारिणी बाडी का 5 साल के कार्यकाल के लिए चुनाव करते हैं। इसमें 1 अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव व 2 संयुक्त सचिव, 1 कोषाध्यक्ष सहित 9 कार्यकारिणी सदस्य होते हैं। हेड आफ पर्सनल चेयरमेन के अलावा बीएसपी व डीआईसी 4 सदस्य नामिनेट करते हैं और 10 सदस्यों का निर्वाचन होता है। स्टील वेलफेयर एसो. सेवा के वर्तमान अध्यक्ष बीएसपी के मुख्य महाप्रबंधक संदीप माथुर और सचिव मनीष पंत हैं। कोषाध्यक्ष एन आशा, उपाध्यक्ष बीबी मिश्रा और गवर्निंग बाडी के सदस्य सीजीएम समीर गुप्ता, जीएम संजय द्विवेदी, सीनियर मैनेजर कृष्णानंद राय, राजेश चौहान, शैलेष सिंह, एसएन पांडेय व मुकुल वर्मा हैं।

# रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम निर्माण कार्य में आई तेजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

- आयुक्त ने दिए निर्देश

वर्षा जल संरक्षण एवं गिरते भू-जल स्तर को ध्यान में रखते हुए नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम का निर्माण किया जा रहा है। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने सभी जोन आयुक्तों को निर्देशित किए है, कि अपने जोन क्षेत्र में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम का निर्माण ज्यादा से ज्यादा कराएं।

इसके लिए मकान मालिकों, होटल, स्कूल, कालेज, अस्पताल एवं शासकीय भवनों में जल संरक्षण हेतु वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनाने जन जागरूकता के साथ प्रेरित किया जाना है। जल संरक्षण के क्षेत्र में नगर निगम भिलाई का विशेष पहल जारी है। जिन घरों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम निर्मित नहीं है वहां चयनित एजेंसी द्वारा रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम निर्माण कार्य कराया जा रहा है।

रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के माध्यम से एकत्र किए गए पानी को विशेष संरचनाओं के माध्यम से भूजल में वापस पहुंचाया जाता है। बारिश के पानी को रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम निर्माण कर भूजल का रिचार्ज किया जा सकता है, जिससे कुओं या बोरवेल में पानी की उपलब्धता बढ़ाई जा सकती है।

# 15 अगस्त पर आयुक्त ने चौक-चौराहों की सफाई के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

नगर पालिक निगम भिलाई के सभी जोन कार्यालय में 15 अगस्त को ध्वजारोहण सुबह 7:30 बजे जोन के जोन अध्यक्ष, पार्षदगण एवं जोन के सभी अधिकारी, कर्मचारियो की उपस्थिति में किया जाएगा। सुबह 8 बजे मुख्य कार्यालय में महापौर नीरज पाल, आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, एमआईसी सदस्य एवं पार्षदगण की उपस्थिति में ध्वजारोहण होगा। नगर निगम भिलाई के प्रत्येक विभाग से उत्कृष्ट कार्य करने वाले दो कर्मचारियो को सम्मानित किया जाएगा।सुबह 8:30 बजे महापौर नीरज पाल द्वारा शहीद उद्यान सेक्टर 5 में ध्वजारोहण होगा। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने निर्देशित किए है कि निगम क्षेत्र के सभी चौंक-चौंराहों की साफ-



सफाई, लाईटिंग, महापुरूषों की प्रतिमाओं की सफाई- धुलाई, माल्यार्पण एवं प्रमुख जगहों पर देशभक्ति के गीत बजाएं। निगम के महापौर एवं आयुक्त ने सभी नागरिकों से अपील की है कि सभी नागरिक अपने घर पर राष्ट्र के सम्मान में एक तिरंगा झण्डा अवश्य लगाए।

# भाजपा जिला कार्यालय का उद्घाटन 18 को



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

छत्तीसगढ़ शासन के उप मुख्यमंत्री एवं जिला प्रभारी मंत्री विजय शर्मा ने पहली बार भाजपा जिला भिलाई के कोर कमेटी की बैठक लेने भाजपा जिला कार्यालय पहुंचे । बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष, भाजपा जिला भिलाई पुरुषोत्तम देवांगन ने किया। विदित हो कि 2023 में भाजपा जिला कार्यालय बनकर तैयार हुआ था, जिसमें 20 जून 2023 को तत्कालीन प्रदेशाध्यक्ष अरुण साव की उपस्थिति में वास्तु पूजन कर कार्यालय का उपयोग करने की शुरुवात किए थे। आगामी 18 अगस्त मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा कार्यालय का उदघाट्न किया जाना निर्धारित हुआ है । संबंधित विषयों के लेकर प्रभारी मंत्री विजय शर्मा ने जिला कोर कमेटी की बैठक ली। कार्यक्रम की रूपरेखा को लेकर रणनीति बनाई गई। मौके पर जिला प्रभारी संदीप शर्मा, वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, निवर्तमान जिला अध्यक्ष महेश वर्मा, जिला महामंत्री प्रेमलाल साहू एवं विजेंद्र सिंह, विनोद सिंह उपस्थित थे।

### वित्तीय समावेशन अभियान के तहत एक दिवसीय शिविर का आयोजन

**दुर्ग।** भारत सरकार के वित्त मंत्रालय, वित्तीय समावेशन विभाग के निर्देशानुसार एक जुलाई से 30 सितम्बर 2025 तक चलाए जा रहे वित्तीय समावेशन योजनाओं के संतृप्ति अभियान के अंतर्गत दुर्ग जिले की कोड़िया में एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में वित्तीय योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित करना, पात्र खाताधारकों का पुनः केवाईसी कराना और जनधन, बीमा, पेंशन आदि योजनाओं की जानकारी और लाभ दिलाना था। बैंक प्रबंधक संजय गर्ग ने बताया कि 264 खातों का पुनः केवाईसी किया गया, 12 नए जनधन खाते खोले गए, 36 खातों में प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, 23 खातों में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, 6 खातों में अटल पेंशन योजना के अंतर्गत पंजीकरण किया गया।

# मानदेय बढ़ाने और सरकारी कर्मी घोषित किए जाने की मांग को लेकर कार्यकर्ता और सहायिकाओं ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

- राज्य में 1 लाख कार्यकर्ता सहायिका कर रही कार्य

मानदेय बढ़ाने और सरकारी कर्मचारी घोषित किए जाने की मांग को लेकर कार्यकर्ता और सहायिकाओं ने प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि वे 1975 से सेवारत हैं। राज्य में लगभग 01 लाख कार्यकर्ता-सहायिका काम कर रही हैं।

गर्भधारण से लेकर प्रसूती, गर्भवती महिला का टीकाकरण, जांच एवं डिलीवरी उसका आहार एवं पूरक पोषण, बच्चों का वजन एवं टीकाकरण, सभी बच्चे 0 से लेकर 06 व वर्ष के उनका पूरक पोषण आहार अनौपचारिक शिक्षा, शिक्षा आहार, कुपोषण से बचाव, सुपोषण, गोद भराई, अन्न प्रासन, बाल भोज, सुपोषण योजना, बाल मित्र बनाना, स्व सहायता समूह बनाना, मुख्यमंत्री कन्या विवाह, शाला प्रवेश उत्सव सुपोषण चौपाल आदि योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए काम कर रही हैं।



इसके बाद भी कार्यकर्ता को 10 हजार और सहायिका को 5 हजार मानदेय मिल रहा है। इस पर भी कई बार मानदेय में कटौती की जाती है। इसके विरोध में 1 सितंबर को प्रांतीय स्तर पर धरना दिया जाएगा। प्रमुख मांगों में मानदेय में 10 प्रतिशत की वृद्धि, पर्यवेक्षक में पदोन्नति सहित अन्य मांग शामिल है। संगठन की जिलाध्यक्ष गीता बाग ने कहा कि कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं की मांग को लेकर प्रदर्शन लगातार जारी रहेगा।

# कोसानाला टोल के पास सुरक्षा की अनदेखी, टैंकर ने बुजुर्ग को कुचला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

स्कूटी अचानक स्लिप होने से दंपत्ति सड़क पर गिर पड़े। पीछे से तेज रफ्तार में आ रहे टैंकर ने वृद्ध महिला को चपेट में लिया।

हादसे में महिला की मौके पर मौत हो गई। वहीं पति का उपचार अस्पताल में जारी है। घटना कोसानाला टोल के पास की है। सुपेला पुलिस ने बताया कि सेक्टर 10 निवासी महेन्द्रजीत कौर, पति सुरेन्द्र सिंह अपनी स्कूटी सीजी 07 एफ 9572 में सवार होकर पावर हाउस गए हुए थे। इसके बाद दंपत्ति अपनी बेटी के घर नेहरू नगर जा रहे थे। तभी कोसानाला सुपेला के पास स्कूटी अचानक स्लीप हो गई। महेन्द्रजीत कौर सड़क पर गिर पड़ी। पीछे से तेज रफ्तार में आ रहे टैंकर केए 35 डी 3197 के चालक ने लापरवाही पूर्व वाहन चलाते हुए वद्धा महिला को चपेट में लिया। हादसे में उसकी मौत हो गई। वहीं पति सुरेंद्र सिंह को भी गंभीर चोटें आईं जिसका उपचार अस्पताल में जारी है। खबर लगते ही सुपेला पुलिस मौके पर पहुंची। महिला के शव को पीएम के लिए भेज दिया और घायल पति को उपचार के लिए लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल भेजा। पुलिस ने टैंकर चालक को हिरासत में लिया है। पुलिस जांच में पता चला है कि स्कूटी के स्लीप होने के कारण ही हादसा हुआ है। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है।

## ध्वजारोहण और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे

# स्वतंत्रता दिवस पर अमृत सरोवर में फहरेगा तिरंगा, स्वच्छता अभियान भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

- गांवों के विभभिन्न मार्गों से तिरंगा यात्रा भी निकाली जाएगी

महात्मा गांधी नरेगा के निर्मित अमृत सरोवर में सुबह 7.30 से 9 तक तिरंगा यात्रा 15 अगस्त को आयोजित की जाएगी। जिसमें ध्वजारोहण, सांस्कृतिक कार्यक्रम, और स्वच्छता अभियान शामिल होंगे।

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर, दुर्ग जिले में अमृत सरोवर (तालाब) के तटों पर ध्वजारोहण किया जाएगा। इसके साथ ही, तिरंगा यात्रा भी निकाली जाएगी, जिसमें गांव के मुख्य मार्गों को शामिल किया जाएगा। यह यात्रा अमृत सरोवर स्थलों को भी कवर करेगी। इस अवसर पर, सांस्कृतिक कार्यक्रम, स्वच्छता अभियान, और सामूहिक परिचर्चा जैसे विविध कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देशन एवं जिला पंचायत सीईओ बजरंग कुमार दुबे के मार्गदर्शन में महात्मा गांधी नरेगा के माध्यम से निर्मित अमृत सरोवरों के तट पर तिरंगा फहराया गया। इसके साथ ही पौधरोपण, तिरंगा यात्रा, सांस्कृतिक कार्यक्रम, स्वच्छता अभियान, सामूहिक परिचर्चा के साथ विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी बजरंग कुमार दुबे ने बताया कि प्रत्येक अमृत सरोवर स्थलों में विशेष उत्सव कार्यक्रम आयोजित करने निर्देशित किया गया था। इसी तारतम्य में अमृत सरोवर स्थलों में ध्वजारोहण के आयोजन के साथ ही राष्ट्रीय गान किया गया। इसमें ग्रामीणों की सहभागिता के साथ आमजन द्वारा गांव के मुख्य मार्गों से होते हुए अमृत सरोवर स्थलों को शामिल करते हुए तिरंगा यात्रा का आयोजन भी किया गया।



### मनरेगा के तहत जिले में 123 अमृत सरोवर बनाए गए

जिले में 123 अमृत सरोवर निर्माण किए गए योजना का उद्देश्य प्रत्येक जिले में 75 अमृत सरोवरों (तालाबों) का निर्माण या पुनरुद्धार किया गया है, जनपद पंचायत धमधा 50 जनपद पंचायत दुर्ग 36 एवं जनपद पंचायत पाटन में अमृत सरोवर निर्माण कार्य किये गये है। इस वर्ष के समारोह का विषय, एक सरोवर, एक संकल्प संरक्षण का अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस विषय के अनुरूप, यह सुझाव दिया गया है कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना प्रत्येक ब्लॉक-स्तरीय और उससे ऊपर के अधिकारी औपचारिक रूप से एक अमृत सरोवर को गोद लें।

### बताई जाएगी स्वतंत्रता दिवस की महत्ता

आमजनों, समुदाय के सदस्यों और स्थानीय स्कूल के बच्चों द्वारा देशभक्ति गीत, नृत्य, नाटक का मंचन आदि सांस्कृति कार्यक्रम भी आयोजित किये गए। अमृत सरोवर स्थलों पर स्वच्छता अभियान के साथ ही स्वतंत्रता दिवस की महत्ता, पर्यावरण संरक्षण, सतत विकास आदि बिंदुओं पर ध्यान केंद्रित करते हुए सामूहिक परिचर्चा, प्रश्नोत्तरी परिचर्चा आदि कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया। इस दौरान जनपद पंचायत, ग्राम पंचायत जनप्रतिनिधि, ग्राम पंचायत के ग्रामीण, स्कूल, कालेज के छात्र-छात्राएं, स्व-सहायता समूह और स्थानीय कर्मचारियों आदि सहित सभी हितग्राहियों शामिल हुए।

# जर्मन व मद्रास के सहयोग से मजबूत पॉलिमर तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



आईआईटी भिलाई की शोध टीम ने एक और नई प्रेरक पहल की है। इस शोध में आईआईटी मद्रास व जर्मन संस्थानों के सहयोग लेकर इसे अंजाम तक पहुंचाया है। महंगे या जहरीले धातुओं के सस्ते, प्रचुर और सुरक्षित विकल्प के रूप में लोहे का उपयोग करके प्लास्टिक और पॉलिमर बनाने की एक अभूतपूर्व पर्यावरण-अनुकूल विधि विकसित की है। अपनी तरह की यह पहली तकनीक सामान्य कमरे के तापमान पर उच्च-गुणवत्ता वाले, सटीक रूप से नियंत्रित पॉलिमर का उत्पादन करने के लिए विशेष लौह-आधारित उत्प्रेरकों का उपयोग करती है, जिससे यह प्रक्रिया उद्योगों और छोटे व्यवसायों के लिए हरित, सुरक्षित और मापनीय बन जाती है।यह ऐतिहासिक कार्य विश्व-प्रसिद्ध पत्रिका एंग्वैंड्टे केमी इंटरनेशनल एडिशन (विले-वीसीएच) में प्रकाशित हुआ है, जो पॉलिमर रसायन विज्ञान के भविष्य पर इसके प्रभाव को मजबूत करता है।



ASP
आज़ाद समाज पार्टी
(कांशी राम)
भीम आर्मी
भारत एकता मिशन
79 वे स्वतंत्रता दिवस पर समस्त प्रदेश वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं...
चन्द्रशेखर आजाद
संस्थापक : भीम आर्मी एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष
आजाद समाज पार्टी (कां.)
विनय रतन सिंह
राष्ट्रीय अध्यक्ष
भीम आर्मी
सुनील बैरसिया
प्रदेश प्रभारी
राजकुमार जांगड़े
प्रदेश अध्यक्ष भीम आर्मी (छ.ग.)
ओम कुर्रे
राष्ट्रीय कार्यकारिणी
मनोज बंजारे
प्रदेश उपाध्यक्ष भीम आर्मी, छत्तीसगढ़
मो.: 98279-58613
दिनेश आजाद
उपाध्यक्ष, भीम आर्मी
तुलेश दास महंत
महासचिव, भीम आर्मी
रामस्वरुप महिलांगे
प्रदेश महासचिव भीम आर्मी
वीरेंद्र कुर्रे
प्रदेश प्रवक्ता
पिताम्बर जांगड़े
कोषाध्यक्ष
संतोष निराला
उपाध्यक्ष, भीम आर्मी
संजू लेखराम गिलहरे
प्रदेश सचिव
भीम आर्मी
खिलन प्रसाद साहू
प्रदेश महासचिव
भीम आर्मी
विजय सोनवानी
प्रदेश कार्यकारिणी
भीम आर्मी
दीपक कुमार खुंटे
जांजगीर- चांपा
उदय चरण बंजारे
युवराज कुर्रे
रायपुर संभाग अध्यक्ष
संगठित रहो... शिक्षित बनो... संघर्ष करो...
Aditya Advt.
देश निर्माण के लिए भीम आर्मी भारत एकता मिशन से जुड़ें
• संतोष निराला 9399364095 • सीत करण महिलवार 7440384980 • संजु धृतलहरे 9303395572,
• हेमन्त आदिले 9399265038 • मनिन्दर निराला 8461964442 • विरेन्द्र कुर्रे 7440384980

## सार समाचार

### शिवनाथ समिति के पुनः अध्यक्ष बने जैन

**राजनांदगांव।** श्री शिवनाथ क्षेत्रीय विकास समिति की आम सभा का आयोजन 6 अगस्त को समिति के कार्यालय में संपन्न हुआ। सभा में उपस्थित सदस्यों ने सर्वसम्मति से आगामी तीन वर्षों के लिए अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, संयुक्त सचिव, कोषाध्यक्ष एवं कार्यकारिणी का



निर्वाचन किया। तदानुसार डॉ. डीसी जैन पुनः अध्यक्ष, कोमल सिंह राजपूत प्रथम उपाध्यक्ष, हरजीत सिंह भाटिया द्वितीय उपाध्यक्ष, अजय कोटड़िया तृतीय उपाध्यक्ष, अमलेंदु हाजरा सचिव, शैलेंद्र तिवारी कोषाध्यक्ष, राकेश इंदु भूषण ठाकुर एवं सुनील साहू संयुक्त सचिव निर्वाचित किए गए। समिति की कार्यकारिणी में कचरू प्रसाद शर्मा, विजय हरिहारनो, डॉ. ओंकार श्रीवास्तव, मोर्ध्वज साहू, मनीष अग्रवाल, सुनील जैन, भागचंद गिड़िया, रविकांत सिन्हा, अरुण देवांगन सम्मिलित किए गए हैं। उपरोक्तानुसार प्रबंधकारिणी का गठन करने के उपरांत नवनिर्वाचित अध्यक्ष डॉ. डीसी जैन के नेतृत्व में कोमल सिंह राजपूत, हरजीत भाटिया, अमलेंदु हाजरा, कचरू प्रसाद शर्मा, विजय हरिहारनो, राकेश इंदु भूषण ठाकुर, शैलेंद्र तिवारी आदि ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह का अध्यक्ष निवास में गुलदस्ता भेंटकर स्वागत किया तथा विगत 25 वर्षों से समिति को प्राप्त उनके आशीर्वाद के लिए आभार व्यक्त किया गया। इस पर डॉ. सिंह द्वारा सभी भेंटकर्ताओं को शुभकामनाएं दी गई।

### टटेंगा स्कूल संस्कृत सप्ताह आयोजित

**जेवरतला रोड।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में संस्कृत सप्ताह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य आरके देवांगन ने कहा कि संस्कृत केवल एक भाषा ही नहीं, बल्कि देववाणी भी है। हमारे सभी ग्रंथ और मंत्र इसी भाषा में लिखे गए हैं। यह भाषा विलुप्ति के कगार पर है। आज इसके संरक्षण, संवर्धन व पुनरूद्धार की आवश्यकता है।



प्रयोगशाला सहायक वेदप्रकाश साहू ने कहा कि संस्कृत विश्व के सभी भाषाओं की जननी है। आज कंप्यूटर व चिकित्सा विज्ञान भी संस्कृत में संचालित हो रहे हैं। व्याख्याता अजय पाठक ने कार्यक्रम का संचालन करते कहा कि विश्व संस्कृत दिवस प्रतिवर्ष श्रवण पूर्णिमा को अर्थात रक्षा बंधन के दिन मनाया जाता है। यह परंपरा 1969 से प्रारंभ हुई। व्याख्याता पवन सिन्हा व हेपशीबा एंथोनी ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। छवि, चहक, कामिया, प्रियल ने गीत, कविता श्लोक के माध्यम से अपनी भावनाएं प्रस्तुत की। इस अवसर पर वरिष्ठ व्याख्याता चंद्रमणि वासनिक, टीएल देवांगन के साथ पूरा विद्यालय परिवार उपस्थित था।

### वाईडनर कप फुटबॉल स्पर्धा

**राजनांदगांव।** वाईडनर स्कूल द्वारा आयोजित वाईडनर कप फुटबॉल स्पर्धा के पांचवें दिन दो क्वॉटर फाइनल मैच खेले गए। पहला क्वार्टर फाइनल मैच वाइडनर स्कूल विरुद्ध नीरज बाजपाई इंटरनेशनल स्कूल के मध्य खेला गया। जिसमें वाइडनर स्कूल ने यह मैच 0 गोल के मुकाबले 4 गोल से जीतकर सेमी फाइनल में पहुंचने वाली पहली टीम बनी। वाइडनर स्कूल की ओर से गगन ने 1 गोल, मोइज ने 1 गोल, प्रखर ने 1 गोल और आदित्य नेताम द्वारा 1 गोल किया गया।



तत्पश्चात दूसरा क्वॉटर फाइनल मैच युगांतर पब्लिक स्कूल विरुद्ध नीरज पब्लिक स्कूल के मध्य खेला गया। इस मैच में युगांतर पब्लिक स्कूल के कृष्णा के हैट्रिक गोल से युगांतर पब्लिक स्कूल ने यह मैच 0 गोल के मुकाबले 3 गोल से जीतकर सेमी फाइनल में प्रवेश करने वाली दूसरी टीम बनी। इन दोनों मैच के निर्णायक क्रिस्टोफर, अंकित और अमीश थे। यह जानकारी स्पर्धा के संयोजक डेनियल फ्रांसिस और सौरभ हरिहरनों ने दी।

### एनबीआईएस बोरी में मेमोरी मास्टर्स कार्यशाला



**राजनांदगांव।** नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल बोरी में महाराष्ट्र नागपुर के मेमोरी मास्टर्स द्वारा ट्रेनर टीम ने कक्षा 6वीं से 12वीं तक के छात्रों के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में ट्रेनर रोहित तेलांग द्वारा बच्चों की मानसिक गतिविधियों पर विस्तृत चर्चा की गई।
कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य बच्चों की याददाश्त क्षमता को बढ़ाने हेतु प्रशिक्षित करना था, ताकि बच्चे की सीखने की प्रवृत्ति में बढ़ोत्तरी हो सके। कार्यशाला का नियमित संचालन आगामी 16 व 17 अगस्त को सुबह 9 से दोपहर 2 बजे किया जाना तय है। इच्छुक अभिभावक कार्यशाला के लिए 14 व 15 अगस्त को शाला समय में पंजीयन कराकर स्थान सुनिश्चित कर सकते हैं। मेमोरी मास्टर्स कार्यशाला में बच्चों की याददाश्त को बढ़ाने हेतु तरीकों के साथ ही, दिमाग को तेज बनाना, बच्चों की पढ़ने की क्षमता का विकास, बच्चों में शैक्षणिक गतिविधि व तनाव मुक्त अध्यापन कार्य को संचालित करना बताया जाएगा।
शाला के डायरेक्टर नीरज बाजपेयी द्वारा पालकों से अपील है कि कार्यशाला का लाभ सभी पालक प्रमुखता से ले। कार्यशाला में डायरेक्टर सोनल बाजपेयी, प्राचार्य एकता गांधी, एडमिन नितिन चौहान, शिक्षक व छात्र उपस्थित थे।

### पदुमतरा स्कूल में संस्कृत सप्ताह का आयोजन

**राजनांदगांव।** श्रावण माह की पूर्णिमा पर शा.उ.मा.शाला पदुमतरा में संस्कृत सप्ताह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में संस्कृत व्याख्याता संतोष कुमार वर्मा ने विद्यार्थियों को प्राचीन भाषा संस्कृत में बोलचाल के सूत्र, वस्तुओं के नाम और व्याकरण की जानकारी दी। साथ ही विद्यार्थियों ने संस्कृत में संभाषण कला का प्रदर्शन किया। संस्था प्राचार्य एसके मिंज ने विद्यार्थियों को 25 संस्कृत ग्रंथों के नाम बताए और उन्हें पढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में शिक्षक-शिक्षिकाओं का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।




## 15 अगस्त को विध्वंस वारदात के लिए इकट्ठा हुए थे मानपुर में नक्सली लीडर

# चार राज्यों ने रखा था रेड्डी पर 90 लाख का ईनाम, वारदात को अंजाम देने से पहले ढेर

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

आजादी के महापर्व में विध्वंस वारदात को अंजाम देने माओवादियों के दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी मेंबर तथा आरकेबी डिवीजन कमेटी के संस्थापक विजय रेड्डी तथा दंडकारण्य डिवीजन कमेटी कमांडर लोकेश सलामे की घातक नक्सली दस्ता मानपुर विकासखंड के मदनवाड़ा थाना क्षेत्र के रेतेगांव कारेकट्टा के मध्य पहाड़ी में इकट्ठा हुए थे। बुधवार देर शाम सुरक्षा बलों द्वारा ढेर किए गए विजय रेड्डी तथा लोकेश सलामे की मौत के बाद मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी, कांकेर-बस्तर तथा महाराष्ट्र की गढ़चिरौली जिले से नक्सली साम्राज्य को लगभग खत्म माना जा रहा है।

मुठभेड़ के आज दूसरे दिन प्रेसवार्ता करते मोहला-मानपुर-अं. चौकी जिले के पुलिस कप्तान वाईपी सिंह ने जानकारी साझा किया कि थाना मदनवाड़ा एवं सीतागांव थाना के बीच विशाल पहाड़ी में नक्सलियों की उपस्थिति की गोपनीय सूचना नक्सल सेल को प्राप्त हुई। माओवादियों द्वारा स्वतंत्रता दिवस के दिन जिले के भीतर किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की तैयारी थी। उक्त सूचना पर नक्सलियों के मंसूबो को असफल करने पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह द्वारा नक्सलियों की उपस्थिति, भौगोलिक परिस्थितियों के बारे ब्रीफ करते एसडीओपी प्रशांत कुमार सिंह पैकरा, डीएसपी ताजेश्वर दीवान तथा डीआरजी टीम प्रभारी भगत जाडे के नेतृत्व में एंटी नक्सल यूनिट डीआरजी के 32 जवानों की टीम को रवाना किया गया। कारेकट्टा-रेतेगांव के बंडा पहाड़ जिला कांकेर और मोहला-मानपुर-अं. चौकी के सीमा क्षेत्र में स्थित है, पहाड़ को घेरते जब बुधवार शाम 5 बजे फोर्स नक्सलियों के करीब पहुंच गई। इधर बैकअप पार्टी के रूप में कांकेर डीआरजी की टीम, आईटीबीपी 27वीं वाहिनी को मोर्चे पर तैनात किया गया था, तभी माओवादियों ने आटोमेटिक हथियारों से जवानों पर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। देर रात तक चले मुठभेड़ में ताबड़तोड़ जवाबी कार्रवाई करने के बाद जब एरिया को सर्च किया गया, तब दो पुरूष माओवादी के शव और रायफल, नक्सल सामग्री बरामद किया गया। मूसलाधार बारिश के बीच जब घटनास्थल पर रात को पहचान की गई। जिसमें से विजय रेड्डी उर्फ सुगुलूरी चिनन्ना उर्फ नगन्ना उर्फ शंकर सेंट्रल कमेटी मेंबर के रूप में हुई। दूसरे माओवादी की पहचान डिवीजन कमेटी कमांडर लोकेश सलामे उर्फ हरसिंग के रूप में की गई। आधी रात को मारे गए शीर्ष माओवादियो का शव भारी सुरक्षा के व्यवस्था के बीच जिला मुख्यालय मोहला लाया गया।

**मोहला-मानपुर, कांकेर-बस्तर, गढ़चिरौली से लगभग खत्म हुआ नक्सली साम्राज्य**



**एक करोड़ 16 लाख का इनाम**

बताया कि विजय रेड्डी के ऊपर छत्तीसगढ़ में 25 लाख, महाराष्ट्र में 25 लाख, आंध्रप्रदेश में 20 लाख, तेलंगाना में 20 लाख का ईनाम घोषित था। वहीं लोकेश सलामे के ऊपर छत्तीसगढ़ में 10 लाख, महाराष्ट्र में 16 लाख रुपए का ईनाम घोषित था।

**कई घातक वारदात में शामिल रहे थे दोनों**

ढेर किए गए शीर्ष माओवादी आरकेबी डिवीजन कमेटी के संस्थापक विजय रेड्डी विगत 35 वर्षों से नक्सली संगठन में लाल आतंक का पर्याय बना हुआ था, जिस पर मोहला-मानपुर-अं. चौकी जिले में कुल 42 अपराध दर्ज हैं। वहीं कलम-कापी की जगह 13 वर्ष की उम्र में हथियार थामने वाले डीवीसी लोकेश सलामे पर कुल 37 अपराध जिले में दर्ज हैं। 16 अप्रैल 2024 को कांकेर जिले के छोटे बिटिया थाना क्षेत्र के कलपर जंगल में लोकेश सलामे की पत्नी एसीएम रीता सलामे मुठभेड़ में मारी गई थी।

**घटनास्थल से मिला हथियार और नक्सल सामग्री**

दो हार्डकोर नक्सलियों के शव के साथ-साथ एक इंसास राइफल, एक 303 बंदूक, कई राउंड कारतूस, कारडेक्स, रेडियो, हाई फ्रीक्वेंसी वॉकी-टॉकी, कपड़े, दवाईयां व दैनिक उपयोग की सामग्री सहित विजय रेड्डी तथा विजय रेड्डी की पत्नी रूपी उर्फ माधवी रेड्डी जो कि माड बस्तर रेज की मेंढकी एलोएस कमांडर का जीवन फोटो जब्त किए गए। विजय रेड्डी उर्फ सुगुलूरी चिनन्ना उर्फ नगन्ना उर्फ शंकर पिता चिन्ना दनामल्ला 60 साल साकिन बलरामपुरम मंडल अतमाकुर जिला कूरनूल राज्य आंध्रप्रदेश का निवासी है। इसी तरह लोकेश सलामे उर्फ हरसिंग 35 साल साकिन आमाकोड़ो थाना कोहका जिला मोहला-मानपुर-अं. चौकी का निवासी है।

## हर घर तिरंगा अभियानः आंगनबाड़ी केन्द्रों में बनाई गई तिरंगे की रंगोली

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हर घर तिरंगा अभियान के तहत आंगनबाड़ी केन्द्रों में स्वतंत्रता का उत्सव उत्साह एवं उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। आंगनबाड़ी केन्द्रों में आजादी के महत्व को दर्शाते तिरंगे की विविध खुबसूरत रंगोली बनाई जा रही है।



बच्चों में देश भक्ति की भावना का विकास करने खेल, गीत, कविता, गायन, कहानी के माध्यम से स्वतंत्रता के महत्व को बताया जा रहा है। इसके साथ ही स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और वीर जवानों की प्रेरणादायक जीवन गाथा को बड़े ही रोचक और रूचिपूर्ण तरीके से नन्हें बच्चों को बताया जा रहा है। आंगनबाड़ी केन्द्र के नन्हें बच्चे देशभक्ति पूर्ण कविता, कहानी, गीत भी सुना रहे है। पोट्ठ लईका कार्यक्रम के तहत आंगनबाड़ी केन्द्र में आयोजित पालक चौपाल में अभिभावकों को तिरंगा भोजन के महत्व के साथ ही राष्ट्र ध्वज तिरंगे के महत्व को भी बताया जा रहा है। तिरंगा भोजन न केवल देखने में आकर्षक होता है, बल्कि स्वास्थ्य के लिए भी बहुत फायदेमंद होता है। यह भोजन तीन रंगों केसरिया, सफेद और हरे से बना होता है, जो शरीर के लिए आवश्यक पोषक तत्व विटामिन, खनिज और फाइबर की पूर्ति करता है। तिरंगा भोजन बच्चों के लिए हरी साग-सब्जीयुक्त पौष्टिक आहार है। तिरंगा भोजन को अपनी भोजन में शामिल कर अपने शरीर को स्वस्थ रख सकते हैं। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं द्वारा अभिभावकों को अपने बच्चों को स्वस्थ एवं अच्छा नागरिक बनाने प्रेरित भी किया जा रहा है।

## चाकू से हमला करने वाला पति गिरफ्तार बस स्टैंड में चाकू लहराने वाला पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सामाजिक रूप से तलाक लेने की बात को लेकर पति ने पत्नी पर चाकू से हमला कर दिया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी को गिरफतार कर कार्रवाई की है।



पुलिस सूत्रों के अनुसार थाना डोंगरगांव क्षेत्र अंतर्गत 13 अगस्त को प्रार्थिया ने थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि पति नेहरू टेकाम द्वारा मारपीट करने से तलाक लेकर वर्ष 2024 से मायके में रह रही थी। 12 अगस्त को ग्राम अरसीटोला में आदिवासी सम्मेलन का कार्यक्रम था। जिसके कारण वह और उसकी ननंद भी गए थे। कार्यक्रम खत्म होने के समय शाम ग्राम अरसीटोला प्राइमरी स्कूल के पास गांव की और महिलाएं सभी खड़ी थी।

उसी समय आरोपी नेहरू टेकाम अपने हाथ में चाकू लेकर आया और तुम मुझे तलाक दिए हो, आज तुमको जान से खत्म कर दूंगा कहते हुए मां-बहन की गंदी-गंदी गाली देकर 5-6 बार जगह-जगह चाकू से वार करने लगा, जिसे बड़ी मुश्किल से वे लोग और वहां पर उपस्थित लोग छुड़ाएं है। आरोपी नेहरू टेकाम के चाकू से मारने पर लकेश्वरी के दाहिने पैर, बांये कलाई, बांये पस्ली एवं बांये जांघ एवं गले में चोट लगा है। रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया एवं आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा हेतु न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

**चाकू की नोक पर मचा रहा था उत्पात आरोपी**



**राजनांदगांव।** डोंगरगांव बस स्टैंड में चाकू लहराने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार डोंगरगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत 13 अगस्त को पुलिस को फोन से सूचना मिली कि एक व्यक्ति डोंगरगांव के बस स्टैंड पर चाकू दिखाकर लोगों डरा रहा है एवं उत्पात मचा रहा है। सूचना पर पुलिस ने आरोपी चंद्रभान वैष्णव 27 साल निवासी बोधीटोला डोंगरगांव के विरूद्ध कार्रवाई कर धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट का अपराध कायम कर न्यायिक अभिरक्षा हेतु न्यायालय के समक्ष पेश किया।

## बाइक रैली आज, कल शोभायात्रा

**राजनांदगांव।** यादव समाज राजनांदगांव द्वारा जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में दो दिवसीय भव्य आयोजन किया जा रहा है। प्रथम दिवस 15 अगस्त को बाइक रैली एवं द्वितीय दिवस 16 अगस्त को भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। यादव समाज की सभी शाखाओं एवं वर्गों के इस संयुक्त आयोजन में महापौर मधुसूदन यादव एवं पद्मश्री श्रीमती फुलबासन यादव की उपस्थिति में राजनांदगांव नगर के सभी स्वजातीयजन, युवक-युवती, महिलाएं, बच्चे व बुजुर्ग शामिल होंगे।

यादवों के इष्टदेव भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव को हर्षोल्लास एवं धूमधाम से मनाने 15 अगस्त को देशभक्ति और कृष्ण भक्ति का संदेश देते बाइक रैली निकाली जाएगी, जो दोपहर 2 बजे स्टेट हाईस्कूल से प्रारंभ होगी तथा शहर के विभिन्न मार्गों का भ्रमण करते वापस स्टेट स्कूल पहुंचकर समाप्त होगी। उक्त बाइक रैली में युवतियों और महिलाओं सहित लगभग 1000 स्वाजातीयजन शामिल होंगे। 16 अगस्त को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के दिन सुबह 9 बजे महारानी स्कूल के पास स्थित कुल देवता सांहड़ा देव की पूजा-अर्चना की जाएगी।

तत्पश्चात दोपहर 01 बजे से स्टेट हाईस्कूल मैदान से शोभायात्रा निकाली जाएगी। जिसमें नगर के विभिन्न मोहल्लों के युवकों द्वारा बनाई गई भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं पर आधारित लगभग चलित झांकियों का प्रदर्शन किया जाएगा। भगवान श्रीकृष्ण की पालकी, मड़ई, राउत नृत्य दल, छत्तीसगढ़ नृत्य दल, श्रीकृष्ण के बाल रूप धरे बालक-बालिकाओं, भजन मंडली, बाजे-गाजे के साथ बड़ी संख्या में समाजजन शामिल होंगे।

## विश्व हिंदू परिषद के नगर अध्यक्ष बने शिव

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



विश्व हिंदू परिषद की जिला स्तरीय बैठक में शिव वर्मा को नगर अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में प्रांत मंत्री विभूति भूषण पांडे, प्रांत सह मंत्री नंदूराम साहू, संगठन मंत्री कन्हैया, विभाग मंत्री अनूप श्रीवास, जिला मंत्री त्रिगुण सादानी उपस्थित रहे। इस अवसर पर पदाधिकारियों ने श्री वर्मा का स्वागत किया और संगठन को सशक्त बनाने के संकल्प के साथ कार्य करने का आह्वान किया। धार्मिक एवं सामाजिक गतिविधियों में लंबे समय से सक्रिय शिव वर्मा, प्यारे लाल चौक स्थित हनुमान मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव पर वर्षों से भंडारे का आयोजन करते आ रहे हैं।

## गोविंदा उत्सव से पहले असामाजिक तत्वों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

डोंगरगढ़ क्षेत्र में शांतिपूर्ण गोविंदा उत्सव मनाए जाने हेतु पुलिस द्वारा लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। जिसके तहत असामाजिक तत्वों पर कार्रवाई की गई।



पुलिस सूत्रों के अनुसार 14 अगस्त को डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा क्षेत्र के आम जनता शांति एवं सौहार्द्रपूर्ण से गोविंदा उत्सव मना सके, इसे ध्यान में रखते असामाजिक तत्व एवं हमेशा मारपीट लड़ाई-झगडे में संलिप्त रहने वाले देव सिंह बर्रे 35 साल निवासी ग्राम कातलवाही व सोहेल खान 20 साल निवासी रजानगर डोंगरगढ़ के विरूद्ध धारा 170, 126, 135 बीएनएसएस के तहत कार्रवाई कर एसडीएम न्यायालय में पेश किया गया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आने वाले दिनों में भी आसामजिक तत्वों पर नजर बनी हुई है। सौहार्दपूर्ण तरीके से पर्व मनाया जा सकें, इसके लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है।

## 12679 विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति का भुगतान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा 12वीं से उच्चतर महाविद्यालय स्तर के विद्यार्थियों के लिए पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना का संचालन किया जा रहा है। शैक्षणिक सत्र 2024-25 में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति स्वीकृत किया गया। इसके तहत अनुसूचित जनजाति वर्ग के 3248 विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति स्वीकृत किया गया। जिसमें से 3204 विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति का भुगतान हो गया है एवं 44 विद्यार्थियों का छात्रवृत्ति भुगतान लंबित है। अनुसूचित जाति वर्ग के 1617 विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति स्वीकृत किया गया। जिसमें से 1611 विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति का भुगतान हो गया एवं 6 विद्यार्थियों का छात्रवृत्ति लंबित है। अन्य पिछड़ा वर्ग के 7881 विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति स्वीकृत किया गया। जिसमें से 7864 विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति का भुगतान हो गया है तथा 17 विद्यार्थियों का छात्रवृत्ति भुगतान लंबित हैं। इस प्रकार कुल 12746 विद्यार्थियों का छात्रवृत्ति स्वीकृत किया गया। जिसमें 12679 विद्यार्थियों का भुगतान हो गया तथा 67 विद्यार्थियों का खाता इनएक्टिव होने के कारण भुगतान लंबित है।




